# सामान्य अध्ययन / GENERAL STUDIES

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| निर्धारित समय : तीन घंटे<br>*Time Allowed : Three Hours* | अधिकतम अंक : 250<br>*Maximum Marks : 250* |
|---|---|

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*कुल बीस प्रश्न दिए गए हैं जो हिन्दी और अंग्रेज़ी दोनों में छपे हुए हैं ।*

*सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

***प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए ।***

*प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखिए ।*

*प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*All questions are compulsory.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

***Answers to Questions no. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Questions no. 11 to 20 should be in 250 words.***

*Keep the word limit indicated in the questions in mind.*

*Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

**Q1.** शैलकृत स्थापत्य प्रारंभिक भारतीय कला एवं इतिहास के ज्ञान के अति महत्त्वपूर्ण स्रोतों में से एक का प्रतिनिधित्व करता है । विवेचना कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The rock-cut architecture represents one of the most important sources of our knowledge of early Indian art and history. Discuss. (Answer in 150 words) *10*

**Q2.** भारत में बौद्ध धर्म के इतिहास में पाल काल अति महत्त्वपूर्ण चरण है । विश्लेषण कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Pala period is the most significant phase in the history of Buddhism in India. Enumerate. (Answer in 150 words) *10*

**Q3.** लॉर्ड कर्ज़न की नीतियों एवं राष्ट्रीय आंदोलन पर उनके दूरगामी प्रभावों का मूल्यांकन कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Evaluate the policies of Lord Curzon and their long term implications on the national movement. (Answer in 150 words) *10*

**Q4.** परि-प्रशान्त क्षेत्र के भू-भौतिकीय अभिलक्षणों का विवेचन कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Discuss the geophysical characteristics of Circum-Pacific Zone. (Answer in 150 words) *10*

**Q5.** मरुस्थलीकरण के प्रक्रम की जलवायविक सीमाएँ नहीं होती हैं । उदाहरणों सहित औचित्य सिद्ध कीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The process of desertification does not have climatic boundaries. Justify with examples. (Answer in 150 words) *10*

**Q6.** हिमालय के हिमनदों के पिघलने का भारत के जल-संसाधनों पर किस प्रकार दूरगामी प्रभाव होगा ? (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

How will the melting of Himalayan glaciers have a far-reaching impact on the water resources of India ? (Answer in 150 words) *10*

**Q7.** वर्तमान में लौह एवं इस्पात उद्योगों की कच्चे माल के स्रोत से दूर स्थिति का उदाहरणों सहित कारण बताइए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Account for the present location of iron and steel industries away from the source of raw material, by giving examples. (Answer in 150 words) *10*

**Q8.** बहु-सांस्कृतिक भारतीय समाज को समझने में क्या जाति की प्रासंगिकता समाप्त हो गई है ? उदाहरणों सहित विस्तृत उत्तर दीजिए । (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Has caste lost its relevance in understanding the multi-cultural Indian Society ? Elaborate your answer with illustrations. (Answer in 150 words) *10*

**Q9.** कोविड-19 महामारी ने भारत में वर्ग असमानताओं एवं ग़रीबी को गति दे दी है। टिप्पणी कीजिए।
(150 शब्दों में उत्तर दीज़िए)

COVID-19 pandemic accelerated class inequalities and poverty in India. Comment. (Answer in 150 words) *10*

**Q10.** क्या आप सहमत हैं कि भारत में क्षेत्रीयता बढ़ती हुई सांस्कृतिक मुखरता का परिणाम प्रतीत होती है ? तर्क कीजिए। (150 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Do you agree that regionalism in India appears to be a consequence of rising cultural assertiveness ? Argue. (Answer in 150 words) *10*

**Q11.** भारतीय दर्शन एवं परम्परा ने भारतीय स्मारकों की कल्पना और आकार देने एवं उनकी कला में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विवेचना कीजिए। (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Indian philosophy and tradition played a significant role in conceiving and shaping the monuments and their art in India. Discuss. (Answer in 250 words) *15*

**Q12.** मध्यकालीन भारत के फ़ारसी साहित्यिक स्रोत उस काल के युगबोध का प्रतिबिंब हैं। टिप्पणी कीजिए। (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Persian literary sources of medieval India reflect the spirit of the age. Comment. (Answer in 250 words) *15*

**Q13.** 1920 के दशक से राष्ट्रीय आंदोलन ने कई वैचारिक धाराओं को ग्रहण किया और अपना सामाजिक आधार बढ़ाया। विवेचना कीजिए। (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Since the decade of the 1920s, the national movement acquired various ideological strands and thereby expanded its social base. Discuss.
(Answer in 250 words) *15*

**Q14.** नदियों को आपस में जोड़ना सूखा, बाढ़ और बाधित जल-परिवहन जैसी बहु-आयामी अन्तर्सम्बन्धित समस्याओं का व्यवहार्य समाधान दे सकता है। आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
(250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

The interlinking of rivers can provide viable solutions to the multi-dimensional inter-related problems of droughts, floods and interrupted navigation. Critically examine. (Answer in 250 words) *15*

**Q15.** भारत में दशलक्षीय नगरों जिनमें हैदराबाद एवं पुणे जैसे स्मार्ट सिटीज़ भी सम्मिलित हैं, में व्यापक बाढ़ के कारण बताइए। स्थायी निराकरण के उपाय भी सुझाइए। (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Account for the huge flooding of million cities in India including the smart ones like Hyderabad and Pune. Suggest lasting remedial measures.
(Answer in 250 words) *15*

**Q16.** भारत में सौर ऊर्जा की प्रचुर संभावनाएँ हैं हालाँकि इसके विकास में क्षेत्रीय भिन्नताएँ हैं । विस्तृत वर्णन कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

India has immense potential of solar energy though there are regional variations in its development. Elaborate. (Answer in 250 words) *15*

**Q17.** भारत के वन संसाधनों की स्थिति एवं जलवायु परिवर्तन पर उसके परिणामी प्रभावों का परीक्षण कीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Examine the status of forest resources of India and its resultant impact on climate change. (Answer in 250 words) *15*

**Q18.** क्या भारत में विविधता एवं बहुलवाद वैश्वीकरण के कारण संकट में हैं ? औचित्यपूर्ण उत्तर दीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Is diversity and pluralism in India under threat due to globalisation ? Justify your answer. (Answer in 250 words) *15*

**Q19.** रीति-रिवाजों एवं परम्पराओं द्वारा तर्क को दबाने से प्रगतिविरोध उत्पन्न हुआ है । क्या आप इससे सहमत हैं ? (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

Customs and traditions suppress reason leading to obscurantism. Do you agree ? (Answer in 250 words) *15*

**Q20.** भारत में डिजिटल पहल ने किस प्रकार से देश की शिक्षा व्यवस्था के संचालन में योगदान किया है ? विस्तृत उत्तर दीजिए । (250 शब्दों में उत्तर दीजिए)

How have digital initiatives in India contributed to the functioning of the education system in the country ? Elaborate your answer.

(Answer in 250 words) *15*